देवभूमि झारखंड News

टुंडी में नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा, 29 पेटी शराब जब्त

**डीजे न्यूज, टुंडी, धनबाद :** उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार को टुंडी थाना क्षेत्र के संग्रामडीह पाटकोल गांव में सुखु मुर्मू के घर में नकली शराब फैक्ट्री चलाने का खुलासा किया है। टीम ने वहां छापामारी कर 29 पेटी नकली शराब के साथ भारी मात्रा में पैकिंग के समान और स्प्रीट जब्त की है। उत्पात विभाग के अनुसार उक्त फैक्ट्री गिरिडीह निवासी राजेश वर्मा और टुंडी संग्रामडीह निवासी कामेश्वर मंडल के द्वारा चलाया जा रहा था।

उत्पाद विभाग की यह एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। चार दिन पहले ही उत्पाद विभाग को इसकी जानकारी मिली थी। रेकी करने के बाद गुरुवार को कामयाबी मिली है। जिसमें 29 पेटी नकली अंग्रेजी नकली शराब के साथ साथ कच्चा स्प्रीट और ड्रम के साथ शराब निर्माण के लिए गैलन स्टीकर और कार्क कैमीकल पैकिंग मशीन भी बरामद किया गया है।

छापामारी सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने अपनी टीम के साथ की है हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही सभी आरोपित भागने में कामयाब रहे।

Source: https://devbhoomijharkhandnews.com/fake-liquor-factory-exposed-in-tundi-29-boxes-of-liquor-seized/